# अमर उजाला (Amar Ujala)

| दिनाँक (Dated): 10.1.2024 | पृष्ठ सं0 (Page No). 10 | क्रम सं0(Serial No.) 1 |
|---|---|---|

## अयोध्या हवाई अड्डे पर तैनात होंगे सीआईएसएफ के 150 कमांडो

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से कुछ दिन पहले अयोध्या हवाई अड्डे के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 150 से कमांडो की तैनाती की मंजूरी दी है। गृह मंत्रालय ने एक डिप्टी कमांडेंट रैंक अधिकारी की कमान के तहत इन कमांडो की सशस्त्र टुकड़ी को मंजूरी दे दी है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को कहा कि महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्याधाम केंद्रीय बल के विशेष विमानन सुरक्षा समूह (एएसजी) के कवर में आने वाला देश का 68वां नागरिक हवाई अड्डा टर्मिनल है। सीआईएसएफ अयोध्या हवाई अड्डे को आतंकवाद और अन्य खतरों से रक्षा करेगी। एजेंसी